फाइल सं. रिक्रूट/एक्स-16/डी आर/2017-2018

डाक विभाग

मुख्य पोस्टमास्टर जनरल का कार्यालय

पश्चिम बंगाल सर्किल

पी-36,सी.आर.एवेन्यू

योगायोग भवन

कोलकाता -700012

25 अक्टूबर, 2018

**डाकिया/मेलगार्ड की सीधी भर्ती**

1. वर्ष **2017-2018** के लिए पश्चिम बंगाल डाक सर्किल में डाकिया/मेलगार्ड रिक्ति को भरने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं ।
2. प्रत्येक डाक मंडल / रेल डाक सेवा मंडल/यूनिट में प्रत्येक संवर्ग में श्रेणीवर रिक्तियों से संबंधित ब्यौरे दिए जा रहे हैं
3. रिक्ति विवरण में दर्शाए गए शब्द PH – I, PH – II एवं PH – III (क्रमश: LV, HH एवं OH) PH – IV , PH – V क्रमश: दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित, दिव्यांग, मानसिक रोगी/बौद्धिक-अशक्तता/स्वलीनता/सीखने में अक्षम/बहु अक्षम को दर्शाते हैं ।

**4. दिब्यांग (PH) रियायत सुविधा लेने वाले पात्र आवेदकों की श्रेणियां**

( क) दृष्टि-बाधित — दृष्टिवाधितों की श्रेणी पदों के लिए उपयुक्त है ।

(ख) श्रवण-बाधित — पदों के लिए उपयुक्त श्रेणी : बधिर अथवा वे अभ्यर्थी जिनमें जीवन के सामान्य प्रयोजनों के लिए सुनने की क्षमता नहीं है, जो ध्वनि-विस्तारक यंत्र की सहायता से भी न सुन सकते हों और न ध्वनि समझ सकते हों । इस श्रेणी में शामिल किए गए ऐसे मामले होंगे जिसमें बेहतर कान (गंभीर दिव्यांगता) में 90 डेसीबल से अधिक की श्रवण क्षमता का ह्रास हुआ हो अथवा दोनों कानों में श्रवण क्षमता समाप्त हो गई हो ।

(ग)दिव्यांग — दिव्यांग व्यक्ति वे होंगे जिन्हें न्यूनतम 40 प्रतिशत शारीरिक अपंगता अथवा अंग-विकृति हो जिससे हड्डियों, मांसपेशियों एवं जोड़ों के सामान्य क्रियाकलापों में बाधाएं आती हों । पदों के लिए उपयुक्त दिव्यांग अभ्यर्थियों की श्रेणी :

1. एक बांह प्रभावित
2. मांशपेशी दुर्बलता

अभ्यर्थियों के पास पंजीकरण की तारीख को सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा रोज़गार के प्रयोजनार्थ जारी वैध चिकित्सा प्रमाण-पत्र होना चाहिए ।

(घ) मानसिक रोग/बौद्धिक अशक्तता/ स्वलीनता/सीखने में अक्षम

(ङ) बहु अक्षम

द्रष्टव्य : आवेदक केवल प्रबल अशक्तता के लिए ही छूट का लाभ उठा सकता है। ऑनलाइन पंजीकरण के समय आवेदक के पास उस अशक्तता के लिए सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सक्षम चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा जारी मूल चिकित्सा प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

5. **<u>संलग्नकों में दी गई रिक्तियों में बिना किसी पूर्व सूचना अथवा बिना कोई कारण बताए परिवर्तन किया जा सकता है ।</u>**

6. वेतनमान - पे-मैट्रिक्स लेवल - III (रू. 21,700- रू.36,100)+समय-समय पर निर्धारित स्वीकार्य भत्तें ।

7. आयु-सीमा - 18-27 वर्ष (क) सामान्य श्रेणी के लिए (अनारक्षित अभ्यर्थी)
(ख) भारत सरकार के आदेशानुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट निम्न प्रकार है ।

| **श्रेणी** | **ऊपरी आयु सीमा से अधिक आयु सीमा में छूट** |
|---|---|
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति (एससी/एसटी) | 5 वर्ष |
| अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ बी सी) | 3 वर्ष |
| दिव्यांग | दिव्यांग+अनारक्षित 10 वर्ष<br>दिव्यांग+अनु.जाति/अनु.जनजाति 15 वर्ष<br>दिव्यांग+अन्य पिछड़ा वर्ग 13 वर्ष |
| भूतपूर्व सैनिक | ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण की अंतिम तारीख को मूल आयु से सेना में की गई सेवा को घटाने के बाद 3 वर्ष |
| कार्यरत सरकारी कर्मचारी जिन्होंने आवेदन-प्राप्त होने की अंतिम तारीख तक 3 वर्ष से कम की नियमित सेवा न दी हो । | ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण की अंतिम तारीख को आयु 35 वर्ष (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति के लिए 40 वर्ष एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 38 वर्ष) |

8. <u>आयु सीमा के निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि</u> : आयु सीमा के निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण की अंतिम तारीख अर्थात् 24.11.2018 होगी ।

9. (क) शैक्षिक एवं अन्य योग्यता :
   (i) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण
   (ii) संबंधित राज्य या संघ राज्य - क्षेत्र की स्थानीय भाषा का ज्ञान। अभ्यर्थी कम-से-कम 10वीं कक्षा तक स्थानीय भाषा पढ़ी हो ।
   (iii) कंप्यूटर में कार्य करने का ज्ञान
   (iv) अभ्यर्थी के पास दो पहिये या हलके मोटर वाहन का वैध लाइसेंस होना चाहिए। दिव्यांग अभ्यर्थी को लाइसेंस रखने से छूट दी जा सकती है।

   (ख) स्थानीय भाषा :
   पश्चिम बंगाल : बांग्ला , नेपाली
   सिक्किम : नेपाली
   अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह : हिन्दी ,बांग्ला

10. <u>परीक्षा पद्धति</u> : अभ्यर्थियों को 10वी कक्षा/मैट्रिक स्तर के निम्नलिखित विषयों पर ऑनलाइन अभिरूचि परीक्षा देनी होगी ।

कुल अंक - 100 (भागों की संख्या विषय-सूची सहित इस प्रकार होगी) -

| भाग | पाठ्यक्रम |
|---|---|
| (क)<br>सामान्य ज्ञान<br>(कुल 25 अंक एवं<br>कुल 25 प्रश्न<br>प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक) | विषय : 10वीं कक्षा स्तर के भूगोल, भारतीय इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम, संस्कृति एवं खेलकूद, सामान्य राज-व्यवस्था एवं भारतीय संविधान, अर्थशास्त्र, सामान्य विज्ञान, सामयिक घटनाएं एवं तर्क शक्ति तथा विश्लेषाणात्मक योग्यता |
| (ख)<br>गणित<br>(कुल 25 अंक एवं<br>कुल 25 प्रश्न<br>प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक) | विषय : संख्या प्रणाली, पूर्णांक संगणना, दशमलव एवं भिन्न, संख्याओं के बीच संबंध, मूल अंकगणितीय संक्रिया, प्रतिशतता, अनुपात एवं समानुपात, लाभ एवं हानि, साधारण ब्याज, औसत, छूट, साझीदारी, समय एवं कार्य, समय एवं दूरी, टेबल एवं ग्राफ़ का प्रयोग, क्षेत्रमिति |
| (ग)(i)<br>अंग्रेजी<br>(कुल 25 अंक एवं<br>कुल 25 प्रश्न<br>प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक) | विषय : Articles, Prepositions, conjunctions, Tenses, Verbs, Synonyms & Antonyms, vocabulary, sentence structure, proverbs, phrases, question from a small unseen passage इत्यादि |
| (ग)(ii)<br>क्षेत्रीय भाषा<br>(कुल 25 अंक एवं कुल<br>25 प्रश्न<br>प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक) | विषय : (हिन्दी के लिए) : शब्द-पद, क्रियापद, मिश्र एवं संयुक्त वाक्य, वाक्यों का रूपांतरण, स्वर-संधि, अलंकार, समास, मुहावरें एवं लोकोक्तियां, अशुद्ध वाक्य शोधन, अपठित गद्यांश ।<br><br>इन विषयों को क्षेत्रीय भाषाओं (बंगाली एवं नेपाली) में भी दिया जाएगा । |

(क) यह परीक्षा 120 मिनट की होगी जिसमें एक दिन में कुल 4 भाग होंगे ।

(ख) प्रत्येक भाग 25 अंकों का होगा एवं चार भागों का कुल अंक 25×4=100 अंक होगा ।

(ग) संबंधित मंडल/यूनिट के लिए आवेदन कर चुके योग्य अभ्यर्थियों में से **मंडल स्तर पर बनी योग्यता-क्रमसूची** के आधार पर चयन होगा ।

11. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण एवं पैरा 9 में उल्लिखित अन्य शर्तों को पूरा करने वाले विभिन्न वर्गों से संबंध रखने वाले सभी पात्र आवेदकों को अभिरूचि परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा । योग्यता-क्रमसूची बनाते समय आवेदक द्वारा 12वीं कक्षा में प्राप्त अंकों के लिए कोई वेटेज नहीं दिया जाएगा ।

11.1. अभिरूचि परीक्षा के प्रत्येक भाग में न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करना होगा जिसका ब्यौरा निम्नलिखित है ।

| | |
|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थी (ओ सी) | प्रत्येक भाग में 10 अंक एवं कुल अंक 40 प्रतिशत । अभ्यर्थी को निर्धारित कुल अंक प्राप्त करने के अलावा प्रत्येक भाग यथा भाग क, ख, ग(i) एवं ग(ii) में अर्हता प्राप्त करनी होगी । |
| अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ बी सी) | प्रत्येक भाग में 9 अंक एवं कुल अंक 37 प्रतिशत । अभ्यर्थी को निर्धारित कुल अंक प्राप्त करने के अलावा प्रत्येक भाग यथा भाग - क, ख एवं ग(i) एवं ग(ii) में अर्हता प्राप्त करनी होगी । |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति (एस सी/एस टी) | प्रत्येक भाग में 8 अंक एवं कुल अंक 33 प्रतिशत । अभ्यर्थी को निर्धारित कुल अंक प्राप्त करने के अलावा प्रत्येक भाग यथा भाग - क, ख एवं ग(i) एवं ग(ii) में अर्हता प्राप्त करनी होगी । |

11.2 डाकिया/ मेलगार्ड पद के लिए संबंधित डाक मंडल/यूनिट के लिए एक कॉमन योग्यता-क्रमसूची तैयार की जाएगी । इसके लिए अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन में केवल एक मंडल/यूनिट के नाम का चुनाव करना होगा । तत्पश्चात् अभ्यर्थियों को मेरिट लिस्ट में उनकी स्थिति और रिक्ति की उपलब्धता के आधार पर उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में चुने हुए मंडल/यूनिट में आबंटित किया जाएगा । यदि कोई अभ्यर्थी अपने ऑनलाइन आवेदन में किसी मंडल/यूनिट का नाम नहीं चुनता है तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द मानी जाएगी ।

12. **आवेदन प्रपत्र पंजीकरण का मूल्य** - पंजीकृत किए गए सभी श्रेणियों के आवेदकों के लिए रू. 100/- (इसके अलावा ई-पेमेंट कमीशन के लिए 20 रूपया)

13. **परीक्षा शुल्क - सामान्य एवं ओ बी सी वर्ग के सभी पुरूष आवेदकों के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क 400 रूपया है । अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग व्यक्ति/महिला वर्ग से संबंध रखने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क में छूट है ।**

14(i) आवेदक केवल एक ही डाक मंडल/यूनिट के लिए आवेदन कर सकता है । यदि एक आवेदक ऑनलाइन एक से अधिक आवेदन का पंजीकरण करता है या एक ऑनलाइन आवेदन में एक से अधिक मंडल/यूनिट का चुनाव करता है, तो बिना कोई पत्राचार के ही उसकी अभ्यर्थितता रद्द कर दी जाएगी ।

(ii) प्रत्येक मंडल/यूनिट की रिक्ति संबंधी जानकारी काग़ज़ात के रूप में वेबसाइट ***http://cpmgwbrecruit.in/drpmmgoct18*** में दिखाई गई है । कूट सं. सहित परीक्षा शहर तथा डाक मंडलों/यूनिटों के विवरण के साथ उनकी कूट संख्या भी वेबसाइट में प्रदर्शित की गई है ताकि अभ्यर्थी जिस डाक मंडल/यूनिट के लिए आवेदन कर रहे है, उनके नाम का चयन कर सकें ।

(iii) आवेदकों को स्पष्ट रूप से सूचित किया जाता है कि डाक मंडल/यूनिट में परीक्षा शहर का आबंटन करने का परमाधिकार विभाग का है एवं परीक्षा केन्द्र/स्थल में किसी भी प्रकार के परिवर्तन करने संबंधी कोई भी अनुरोध किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी । आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन में दिए गए विकल्प के अनुसार परीक्षा शहर आबंटित किया जाता है ।

(iv) आवेदक को भर्ती प्रक्रिया के संबंध में पीडीएफ फॉर्मेट में पोर्टल से विस्तृत जानकारी वेबसाइट ***http://cpmgwbrecruit.in/drpmmgoct18*** से प्राप्त करनी होगी । आवेदक को मानक सूचना यथा नाम, जन्म-तिथि, जाति, लिंग, शैक्षिक अर्हता, पता, मोबाइल संख्या आदि संबंधी जानकारी भरनी होगी।

15. आवेदन कैसे करें -

(i) आवेदक विभाग द्वारा जारी विस्तृत अधिसूचना/विज्ञापन संबंधी विस्तृत ब्यौरा एवं मार्गदर्शन/सूचना विवरणिका संबंधी जानकारी वेबसाइट ***http://cpmgwbrecruit.in/drpmmgoct18*** से प्राप्त कर सकते हैं ।

(ii) वेबसाइट पर अपने आवेदन का पंजीकरण करने से पूर्व आवेदक अधिसूचना, मार्गदर्शन/महत्वपूर्ण सूचना सावधानी पूर्वक पढ़ लें । श्रेणी के लिए उन्हें अपनी अर्हता का मूल्यांकन करना होगा । पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान उनकी पात्रता का मूल्यांकन किया जाएगा एवं यह प्रक्रिया अपात्र आवेदकों की छंटाई करेगा और इस प्रकार पात्रता की परिणाम दर्शित होगा ।

(iii) अपना ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण शुरू करने से पूर्व आवेदक पासपोर्ट आकार की फोटो की सॉफ्टकॉपी (**अधिकतम 50 KB, न्यूनतम 20Kb, जेपीजी फॉर्मेट**) एवं हस्ताक्षर (**20Kb तक, जेपीजी फॉर्मेट**) के साथ तैयार रहें । इनपुट भरने एवं आवेदन ऑनलाइन अपलोड करने के उपरांत इनको अपलोड करने की आवश्यकता होगी ।

(iv) एक आवेदक को केवल एक आवेदन भरना होगा । एक से अधिक आवेदन पंजीकृत किए जाने की स्थिति में आवेदक द्वारा पंजीकृत किए गए सभी आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे ।

(v) ऑनलाइन आवेदन में आवेदक सभी ब्योरे/इनपुट सावधानी पूर्वक उचित स्थान पर ही भरें । ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र के पंजीकरण के अंत में submit बटन पर क्लिक करें । आवेदक को सलाह दी जाती है कि submit बटन दबाने के पूर्व आवेदन में भरे गए सभी आंकड़े सावधानी पूर्वक देख लें । आवेदक आवेदन प्रपत्र में अपना/अपने पिता का नाम 12वीं कक्षा की अंक तालिका/प्रमाण पत्र में दी गई वर्तनी के अनुसार सही-सही लिखें । बाद में किसी भी तरह का परिवर्तन/फ़ेर-बदल पाए जाने की स्थिति में उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी ।

(vi) अभ्यर्थी यह समझ लें कि ऑनलाइन आवेदन में उल्लिखित विशिष्टियों को अंतिम समझा जाएगा और इसके प्रेषित किए जाने के बाद इसमें किसी भी प्रकार के परिवर्तन/फ़ेर-बदल/सुधार की अनुमति किसी भी हाल में नहीं होगी ।

(vii) सफल पंजीकरण के बाद सिस्टम द्वारा एक अनंतिम यूनिक रजिस्ट्रेशन नम्बर (यू.आर.एन.) जनरेट होगा जो कम्प्यूटर स्क्रिन पर दिखेगा । पंजीकरण संख्या (पासवर्ड सहित) अभ्यर्थी के आवेदन में दिए गए ईमेल पते पर भेजी जाएगी एवं उनके मोबाइल नंबर पर **SMS** द्वारा भेजी जाएगी । वेबसाइट में लॉग-इन करने के लिए अभ्यर्थी को पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड का प्रयोग करना होगा जहां से वह चालान की तीन प्रतियां जनरेट कर अपने शुल्क का भुगतान कर सकेगा । आवेदन को सिस्टम जेनेरेटेड शुल्क चालान की प्रिंट लेनी होगी। आवेदक इस संख्या और पासवर्ड को भावी संदर्भ के लिए सुरक्षित रखें।

(viii) अभ्यर्थी को यह भी सलाह दी जाती है कि वह अपना ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र एक ही बार में भरकर डेटा सेव कर लें । अपना आवेदन अंतिम रूप से प्रेषित किए जाने के पूर्व अभ्यर्थी अपनी विशिष्ठियों में यथावश्यक फ़ेरबदल कर सकता है । आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद अभ्यर्थी अपना डेटा submit कर दें ।

(ix) **भुगतान-विधि** : आवेदन प्रपत्र का मूल्य एवं परीक्षा शुल्क से संबंधित जानकारी इस अधिसूचना के उपर्युक्त पैरा सं. 12 एवं 13 में पहले ही निर्धारित की गई है । अभ्यर्थी को ई-पेमेंट डाकघर जाना होगा और वहां अपने द्वारा मुद्रित शुल्क भुगतान चालान प्रस्तुत करके नकद (भारतीय मुद्रा) शुल्क का भुगतान करना होगा । शुल्क जमा हो जाने के बाद पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी । शुल्क भुगतान के 3 कार्य-दिवस के बाद अभ्यर्थी वेबसाइट ***http://cpmgwbrecruit.in/drpmmgoct18*** पर अपने भुगतान की स्थिति की जांच कर सकता है । भुगतान न होने की स्थिति में आगे की प्रक्रिया के लिए पंजीकृत आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा । पंजीकरण की अंतिम तारीख को अपना आवेदन पंजीकृत करने वाले अभ्यर्थियों को पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने के लिए दिनांक 28.11.2018 तक शुल्क जमा करने की अनुमति होगी ।

16. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि सफलतापूर्वक ऑनलाइन आवेदन के पंजीकृत हो जाने के बाद वे अपने आवेदन की 'प्रिव्यू', शुल्क चालान की प्रति, डाकघर द्वारा जारी रसीद एवं पंजीकरण पर्ची की प्रिंट-आउट अपने पास भावी संदर्भ के लिए रखें ।

17. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने किसी प्रमाण-पत्रों/दस्तावेज़ों की प्रतियां संलग्न/अपलोड न करें । ऑनलाइन पंजीकृत आवेदन अनंतिम माने जाएंगे जो अर्हता मानदंडों, संबद्ध प्रमाण-पत्रों/दस्तावेज़ों के सत्यापन के अधीन है । अभ्यर्थी को इस आशय का एक घोषणा पत्र देना होगा कि उनकी जानकारी के अनुसार उनके द्वारा दी गई जानकारी/सूचना पूर्ण एवं सही है एवं जब कभी इसकी आवश्यकता/मांग होने पर मूल दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों के द्वारा इसे समर्थित किया जाएगा । किसी भी समय त्रूटि/गलत सूचना पाए जाने की स्थिति में अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता/चयन/नियुक्ति फ़ौरन रद्द कर दी जाएगी । अंत: अभ्यर्थी के लिए यह आवश्यक है कि वह आवेदन भेजने से पूर्व आवेदन प्रपत्र के अंत में इस घोषणा के बारे में जांच बॉक्स पर टिक कर दें ।

18. आवेदन के पंजीकरण की अंतिम तिथि 24.11.2018 है।

सहायक निदेशक (भर्ती)<br>
कृते मुख्य पोस्टमास्टर जनरल<br>
पश्चिम बंगाल सर्किल